सं.16015/1/2022-पीएमआई
भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग
*****

शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 23 जून, 2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय: मंत्रिमंडल के लिए माह मई, 2023 के मासिक सार के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को माह मई, 2023 के संबंध में उर्वरक विभाग का मासिक सार एतदद्वारा सूचनार्थ परिचालित करने का निर्देश हुआ है।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(अनिल फुलवारी)
निदेशक (पीएमआई)
दूरभाष: 011-23389839

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
2. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
3. सचिव (उर्वरक) के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
4. अनुभाग अधिकारी (आईटी) को इसे उर्वरक विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

विषय: माह मई, 2023 के संबंध में उर्वरक विभाग का मासिक सार।

1. माह के दौरान समग्र उत्पादन निष्पादन:

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

उत्पाद का नाम	माह के दौरान उत्पादन	इस माह तक संचयी उत्पादन
यूरिया	26.35	49.80
डीएपी	4.18	7.86
अमोनियम सल्फेट (ए/एस)	0.50	0.99
मिश्रित उर्वरक	9.01	15.68
सिंगल सुपर फॉस्फेट	4.63	8.70

स्रोत: dbtfert.nic.in 06.06.2023 की स्थिति के अनुसार

2. माह के दौरान उर्वरकों की आकलित आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री:

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

उत्पाद का नाम	आकलित आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री
यूरिया	26.37	98.63	19.42
डीएपी	9.89	40.23	6.68
एमओपी	2.41	4.09	0.61
एनपीके	9.03	47.24	4.32

आंकड़ों का स्रोत डैशबोर्ड है।

3. माह के दौरान आयातित तैयार उर्वरकों का ब्यौरा:

उत्पाद का नाम	मात्रा 'लाख मी.टन' में
यूरिया	4.20
कृषि उपयोग हेतु एमओपी	3.65
डीएपी	5.93
एनपीके	2.81

4. मई 2023 के दौरान तलचर उर्वरक परियोजनाओं की वृद्धिशील प्रगति।

<u>तलचर यूनिट का पुनरुद्धार:</u>

मंत्रिमंडल ने दिनांक 04.08.2011 को आयोजित अपनी बैठक में नामित पीएसयूज के संयुक्त उद्यम का गठन करके 1.27 एमएमटीपीए क्षमता वाले गैस आधारित उर्वरक संयंत्रों की स्थापना द्वारा नामांकन आधार के माध्यम से एफसीआईएल की तलचर यूनिट के पुनरूद्धार को अनुमोदन प्रदान किया था। तदनुसार, तलचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) के रूप में एक संयुक्त उद्यम कंपनी निगमित की

गई थी। टीएफएल में गेल, आरसीएफ और सीआईएल प्रत्येक की साम्या (इक्विटी) 31.85% और एफसीआईएल की 4.45% है। टीएफएल संयंत्र कोयला गैसीकरण प्रौद्योगिकी पर आधारित है। उर्वरक विभाग द्वारा सचिव (उर्वरक) की अध्यक्षता में आयोजित मासिक समीक्षा बैठकों के माध्यम से परियोजना कार्यकलापों की गहन निगरानी की जाती है।

टीएफएल परियोजना की प्रगति इस प्रकार है:-

क)	अप्रैल, 2023 तक परियोजना की समग्र प्रगति	:	44.36 %
ख)	मई, 2023 के दौरान वृद्धिशील प्रगति	:	1.51 %
ग)	मई, 2023 तक समग्र प्रगति	:	45.87 %

5. व्यय की स्थिति:

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 179066.43 करोड़ रुपए के कुल उपलब्ध बजट की तुलना में मई, 2023 के दौरान उर्वरक राजसहायता के प्रशासन पर 9376.22 करोड़ रुपये (यूरिया: 9265.98 करोड़ रुपये तथा पीएंडके: 110.24 करोड़ रुपये) का व्यय हुआ। अप्रैल 2023 से मई 2023 के दौरान वृद्धिशील व्यय 25606.43 करोड़ रु. अर्थात कुल आवंटन का लगभग 14.30 % व्यय हुआ।

****